

## डॉ. रमन सिंह ने कहा - यह मुख्यमंत्री का नहीं बल्कि बहनों द्वारा एक भाई का सम्मान है

रायगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अटल विकास यात्रा के तहत आज यहां रायगढ़ जिले के तरकेला से खरसिया तक 35 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इस दौरान गांव-गांव में महिलाओं ने हाथों में थाली सजाकर, सिर पर कलश रखकर अटल विकास यात्रा और मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का जोरदार स्वागत किया।

मुख्यमंत्री डॉ. सिंह हेलीकाप्टर द्वारा रायगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम तरकेला पहुंचे और यहां से अटल विकास रथ पर सवार हुए। तरकेला में आयोजित स्वागत सभा में सवरा समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को जाति में मात्रात्मक त्रुटि और उच्चारण भिन्नता के कारण हो रही परेशानियों से छुटकारा दिलाने के लिए उनका सम्मान और आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और पिछले 15 सालों में छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा के बारे में बताया।

अटल विकास यात्रा तरकेला के बाद कोतरा, कुरमापाली, तारापुर, बोकरामुड़ा, नंदेली, बायंग, जैमुरा, चपले, रानीसागर होते हुए खरसिया में आयोजित आमसभा स्थल पहुंची।

अटल विकास यात्रा और मुख्यमंत्री का सभी गांव में ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री अमर अग्रवाल, संसदीय सचिव श्रीमती सुनीति राठिया, विधायक रोशन अग्रवाल, विधायक श्रीमती केरा बाई मनहर, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह सवन्नी, पूर्व आई.ए.एस. ओ.पी.चौधरी, बिलासपुर के कमिश्नर टी.सी. महावर, पुलिस महानिरीक्षक प्रदीप गुप्ता, कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स परिसर का किया अनावरण



रायगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सोमवार को खरसिया नगर पालिका में डॉ. भीमराव अम्बेडकर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स परिसर का अनावरण किया । उन्होनें इस अवसर पर कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बताए मार्ग समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नागपुर आमसभा में बुद्धम शरणम् गच्छामी, धरणम् शरणम् गच्छामी का निर्णय लिया और समाज को उस दिशा में आगे बढ़ाया। डॉ. सिंह ने इस मौके पर प्रगतिशील सतनाम खरसिया के भवन निर्माण के लिए 15 लाख की स्वीकृति प्रदान की। उल्लेखनीय है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर व्यावसायिक परिसर 3 करोड़ 92 लाख 36 हजार रूपए की लागत से 70 दुकानों का निर्माण किया गया है, जिसमें चार बड़े हॉल शामिल है। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अमर अग्रवाल, खरसिया नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष कमल गर्ग, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ओ.पी.चौधरी, कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# बरगढ़ खोलांचल से विधायक उमेश पटेल ने किया पदयात्रा का आगाज

### खोलांचल के ग्राम गोरपार, कसाईपाली एवं साजापाली से यात्रा प्रारंभ, पदयात्रा में स्वस्फूर्त उमड़ा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब





रायगढ़। खरसिया के युवा विधायक उमेश पटेल ने अपने क्षेत्र की जनता से रूबरू होने के लिए अपना पदयात्रा दिनांक 23 सितंबर को खरसिया विकासखण्ड के बरगढ़ खोलांचल के ग्राम गोरपार, कसाईपाली एवं साजापाली ग्राम में प्रारंभ किया। एक सच्चे जनप्रतिनिधि को जब भी समय मिले अपने क्षेत्र की जनता से मिलते रहना चाहिए यह सोच शहीद नंदकुमार पटेल का है जिसकी शुरूवात उन्होने अपनी प्रथम विधायक कार्यकाल 1990 से किया था। उन्हीं के पद् चिन्हों पर चलते हुए युवा विधायक ने भी अपनी क्षेत्र की जनता का हाल-चाल जानने व सुख-दुख बांटने अपने जनता के बीच पहुंच जाते हैं।

उक्त ग्रामों में डोर टू डोर पहुंचकर वहाँ के लोगों की समस्याऐं सुनी तथा तत्काल मौके पर निराकरण किया। ग्रामीणों की मांग को शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिलाया तथा आगामी चुनाव में जो प्रेम और स्नेह कांग्रेस पार्टी के प्रति रहा है वही प्रेम और स्नेह को बरकरार रखने का आशीर्वाद लिया। पदयात्रा के दौरान विधायक उमेश पटेल का गाजे-बाजे तथा कर्मा पार्टी के साथ स्वागत किया गया। विधायक पटेल ने बताया कि इस क्षेत्र में बहुँत कार्य हुए हैं और बहुँत कार्य होना है जिसको धीरे-धीरे पूरा करनें का प्रयास जारी है। विधायक पटेल ने वहां ग्रामीण जन की बातें सुनी व कुछ बातें अपनी तरफ से बताया कि डॉ. रमन सिंह का तिसरा कार्यकाल पूरी तरह से प्रशासनीक आतंकवाद हो गया है। प्रदेश के मुखिया को लगा कि तीसरा कार्यकाल केवल अधिकारीयों के द्वारा मिला है, तो उन्होने अधिकारीयों को पूरा छुट दे रखा है और अधिकारी किसी की बात नहीं सुन रहें हैं पूरी तानाशाह हो गये हैं।

प्रदेश के भाजपा सरकार के तानाशाही रवैय्ये को बताया कि वर्तमान प्रदेश सरकार कभी राशन कार्ड बनवाती है और बिना कारण बताये काट देती है, कभी पेंशन की देनदारी में देरी, तो कभी किसानों को धान खरीदी के नाम पर परेशान करना, फसल बीमा के नाम पर परेशान करना ये सब डॉ. रमन सिंह की सरकार की तानाशाही रवैय्ये का ज्वलंत उदाहरण है। आपको और हम सबको मिलकर इस तानाशाही सरकार के खिलाफ जनाक्रोश फैलाना है, और इस सरकार को सत्ता से बाहर कर कांग्रेस की सरकार बनाने की बात कही।

अपने उद्बोधन में बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार केवल चुनावी लाभ के लिए योजनाऐं बनाता है और चुनाव पश्चात सभी योजनाओं में कटौती कर देता है। जैसे 3 साल तक किसानों को 300 रूपये बोनस नहीं दिया गया एवं जब सभी तरफ से दबाव बना और आलोचना होने लगा तो चुनावी समय में बोनस देने का घोषणा कर दिया जो छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ बहुंत बड़ा धोखा है यदि सचमुच में किसान के हितैशी हैं तो शुरू से 2100 रूपये समर्थन मूल्य एवं 300 रूपये प्रतिवर्श बोनस देना चाहिये। चुनाव के समय प्रत्येक महिलाओं के नाम से राशनकार्ड बनाया गया और जैसे ही चुनाव समाप्त हुआ और सरकार बना राशनकार्ड को काट दिया गया या 35 किलो से 7 किलो प्रतिमाह कर दिया गया एवं बिजली बिल से प्रत्येक वर्ग के लोग परेशान हैं। जिसको कांग्रेस सरकार आने पर आधार कर दिया जाएगा एवं किसानों के भलाई के लिए बहुत सारी योजनाएं चलायी जायेंगी। इसलिए सभी मिलजुलकर इस सरकार को उखाड़ फेकना है और कांग्रेस की सरकार बनाने का आह्वान किया।

उक्त जनसंपर्क कार्यक्रम में ग्राम गोरपार, कसाईपाली और साजापाली तथा खोलांचल के सभी ग्रामों के सभी वरिश्ठ कार्यकर्ता, युवा कार्यकर्ता, पंच, सरपंच एवं बीडीसी, डीडीसी एवं ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# स्कूल का प्लास्टर गिरा, छात्र आहत





रायगढ़। प्राथमिक शाला रूड़ूकेला स्कूल के छत का मलबा गिरने से आज तीसरी का छात्र बाल बाल बचा। आज दोपहर आर्यन गुप्ता पिता गनपत गुप्ता निवासी रोड रूड़ूकेला स्कूल में पढ़ाई कर रहा था इसी दौरान स्कूल के छत का मलबा अचानक से टूट कर गिर गया जिससे तीसरी का छात्र आर्यन गुप्ता को सर में काफी चोट लगी ।वही घटना के बाद डरे सहमे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने जर्जर स्कूल भवन मे पढ़ने से मना कर दिया। इससे पहले भी ज़िला में ऐसा हादसा हो चुका है लेकिन शासन प्रशासन इन हादसों को कभी गम्भीरता से नहीं लेती है। जिले के सैकड़ों स्कूल जर्जर है जिन्हें छुस्स्न मद से सुधार किया जाना है लेकिन अभी तक स्कूल की बारी नहीं आप पायी है।

## महिला पर जानलेवा हमला के मामले में दोषी को 8 माह की सजा

### पंचम अपर सत्र न्यायाधीश आदित्य जोशी की कोर्ट का फैसला

रायगढ़ । रायगढ़ पंचम अपर सत्र न्यायाधीश आदित्य जोशी ने धारा 307 के तहत एक मामले में सुनवाई करते हुए दोषी को 8 माह की कारावास की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना ग्राम कोतरा की है। जहां पुरानी रंजिश के बीच गांव के ही तेजराम ने मंगल सिदार की पत्नी सुकमती सिदार के ऊपर टांगी से हमला कर दिया। घटना के दौरान पीड़िता पास के तालाब में अपनी बहन के साथ नहाने के लिए गई थी।

# तीन व्यवसायी से 20 हजार का पटाखा जब्त

### सीमा से अधिक भंडारण रखने का मामला

खरसिया/रायगढ़। खरसिया पुलिस ने तीन पटाखा व्यवसायियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए लगभग एक लाख बीस हजार रुपए का पटाखा जप्त किया है। बताया जाता है कि इन तीनों व्यवसायियों ने लाइसेंस में तय सीमा से अधिक पटाखा का भंडारण किया हुआ था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम 1884 सी की धारा 9 बी के तहत कार्रवाई की है।

नगर में गणपति प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर जारी है, विसर्जन के दौरान भारी मात्रा में आतिशबाजी का प्रयोग किया जा रहा है। जिसके बारे में जब पुलिस ने पतासाजी की तो मुखबिर के माध्यम से जानकारी मिली कि खरसिया में तीन व्यवसायियों ने अपनी दुकानों में अवैध पटाखा का भंडारण कर रखा है। खरसिया टी आई अभिनव कांत सिंह के निर्देशन में खरसिया चौकी पुलिस ने यह कार्रवाई की है। इस सिलसिले में पुलिस ने स्टेशन रोड स्थित अनूप अग्रवाल पिता बनवारी लाल अग्रवाल उम्र 54 साल के यहां से 4 कार्टून में 43,200 रुपए के पटाखे जप्त किए। इसी तरह चंचल पिता गजानंद अग्रवाल के दुकान से भी चार कार्टून में 39,870 रुपए के पटाखे जप्त किए गए। सुभाष अग्रवाल पिता बाबूलाल उम्र 54 साल की दुकान से भी 4 कार्टून पटाखे कीमत 36,400 रुपए जप्त किया जा कर विस्फोटक अधिनियम अठारह सौ चौरासी की धारा 9 बी के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से पटाखा व्यवसायियों में हड़कंप व्याप्त है साथ ही आने वाले दशहरा एवं दीपावली के त्यौहार मैं पटाखा व्यवसाय को लेकर पटाखा व्यवसाई आशंकित हैं।

## महिला पर जानलेवा हमला के मामले में दोषी को 8 माह की सजा

पंचम अपर सत्र न्यायाधीश आदित्य जोशी की कोर्ट का फैसला

रायगढ़। रायगढ़ पंचम अपर सत्र न्यायाधीश आदित्य जोशी ने धारा 307 के तहत एक मामले में सुनवाई करते हुए दोषी को 8 माह की कारावास की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना ग्राम कोतरा की है।

# चक बूम-बूम के लिए एक बार फिर से होगा ओडिसन बुधवार को

### परीक्षा होने के कारण छूट गयी थी समाज की बहुत सी प्रतिभाएं




रायगढ़। महाराजा श्री अग्रसेन जयंती महाउत्सव 2018 की तैयारियां नगर के अग्रसमाज द्ववारा जोरशोर से प्रारंभ कर दी गई है।अभी से कार्यक्रम के लिए ओडिसन और प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया गया है जिसमें सेकड़ो की संख्या में समाज की युवतियां महिलाये एवं युवा भाग लेकर रूचि दिखा रहे है। कार्यक्रम में 6 अक्टूबर को होने वाले चक बूम-बूम का ओडिसन किया गया था पर नाम लिखना के बाद भी बच्चो·की परीक्षा होने के करण वे इसमे शामिल नही हो पाए हिस्सा लेने से वंचित रहेगी थी।इसको देखते हुए आयोजक संस्था ने एक बार पुनः ओडिसन कराने का निर्णय लिया जिससे सभी को अवसर मिल सके। अब 26 सितंबर बुधवार को पुनः ओडिसन किया जावेगा।

श्री अग्रसेन सेवा संघ के प्रवक्ता प्रकाश निगानिया ने बताया कि जयंती महाउत्सव में चक बूम-बूम स्टेज कार्यक्रम गांधी गंज में आयोजित होगा।जिसमें उम्र सीमा 7 वर्ष से 13 वर्ष रखी गयी थी। इस कार्यक्रम की प्रभारी संस्था मारवाड़ी युवा मंच ने इसके लिए ओडिसन भी किया जिसमें 35 बच्चो को चुना गया था।पर परीक्षा होने के करण समाज के बहुत से बच्चे ओडिसन मे नही पहुंच सके थे।जब यह चीज आयोजको के सामने आई तो उन्होंने दुबारा उन बच्चो का ओडिसन करने का निर्णय लिया जिससे अधिक से अधिक समाज के प्रतिभावान बच्चो को अवसर मिल सके। अब 26 सितंबर बुधवार को पुनः अग्रोहा भवन के प्रथम तल में शाम 4 से 5 बजे ओडिसन रखा गया है।

संस्था के उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल (मां बंजारी) ने नगर में निवासरथ सभी अग्रबन्धुओ से अपील करते हुए कहा कि तारिक और समय का विशेष ध्यान देवे हमारा उद्देश्य सभी को इस आयोजन से जोड़ना है इस लिए जो बच्चे ओडिसन में नही पहुँच पाए उनके लिए यह निर्णय लिया गया है।इस ओडिसन मे प्रतियोगियों को 2.5 मिनट का समय दिया जावेगा अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931